तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 लाखों की लागत से बनाई गई नहर मरम्मत के अभाव में हुई जर्जर



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 7415139436, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोंड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 7415139436, 9203914561

### जिला पंचायत में सामान्य सभा, कृषि, आंगनबाड़ी सहित अन्य संबंधित विषयों पर हुई चर्चा

# किसानों को बीज और खाद लेने में दिक्कत नहीं हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला पंचायत के मंथन सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी खरीफ फसल में खाद बीज की उपलब्धता, आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर भर्ती सहित अन्य संबंधित विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। कोरिया जिले में सभी किसानों को सहकारी समिति से उनकी मांग के अनुसार ही धान बीज और खाद उपलब्ध कराई जाए। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने कहा कि धान यहां किसानों के लिए खरीफ की मुख्य फसल है, इसलिए ऐसी व्यवस्था बनाए रखें कि सभी समितियों में धान बीज और खाद लेने में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में जिन आवेदकों ने अपनी मांग या समस्या के लिए आवेदन पत्र दिए हैं, उन्हें कार्रवाई से अवगत जरूर कराया जाए। आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया लंबित होने के कारण आंगनबाड़ी संचालन में आ रही दिक्कतों पर बैठक में सदस्यों ने बात रखी, भर्ती प्रक्रिया में विलंब पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर शासन को पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया गया। कृषि संबंधी समस्त विषयों पर प्रमुखता से चर्चा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कराए जाने, दूरस्थ क्षेत्रों में सौर ऊर्जा उपकरणों को जल्द सही करने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं के सतत निरीक्षण, किसानों को उनके यंत्रों में मांग अनुसार डीजल उपलब्धता बनाए रखने, ग्राम पंचायत बैमा में विद्यालय में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने सहित अन्य कई विषयों पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। साथ ही सभी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम नागरिकों के द्वारा की गई मांग और समस्याओं को भी बैठक में रखा गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विभाग प्रमुखों को संबंधित विषयों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी सदस्यों को सूचित कराने के निर्देश दिए। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश साहू, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश कुमार सिंह, श्रीमती शिव कुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेह लता उदय, जनपद सोनहत की अध्यक्ष श्रीमती आशा सोनपाकर और विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप मरावी, उप संचालक पंचायत आशीष सिंह सहित विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।





सामान्य सभा में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सीईओ और उपस्थित सदस्य।

# पखवाड़ेभर में 4,930 मरीजों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

आधुनिक तकनीक और अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित इस लैब के माध्यम से अब लोगों को महंगी पैथोलॉजी जांचों के लिए निजी लैबों का रूख नहीं करना पड़ रहा है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीते 30 मई को इस लैब का शुभारंभ किया था। यह संभाग की पहली अटल आरोग्य लैब है, जहां मरीजों को लगभग 134 प्रकार की विभिन्न जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अब जांच के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ रहा है, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही हैं। जिला अस्पताल में संचालित इस आधुनिक लैब में प्रतिदिन 120 से 140 मरीजों के रक्त नमूनों की जांच की जा रही है। अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से जांच रिपोर्ट कम समय में और अधिक सटीकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। लैब के शुभारंभ के बाद से पखवाड़ेभर के अंदर अब तक 4,930 मरीजों की विभिन्न जांचें की जा चुकी हैं।



जिला अस्पताल में संचालित लैब।

## खबर संक्षेप

### टोल फ्री हेल्प लाइन का शुभारंभ

**अनूपपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक बड़ा कदम उठाया है। आयोग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिए एक विशेष टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-6112 का शुभारंभ किया गया है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना से मिलेगा रोजगार

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा युवाओं को उद्योगों से जोड़कर उन्हें व्यावहारिक कार्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को प्रतिष्ठित संस्थानों एवं उद्योगों में इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित कर सकें और भविष्य में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें। योजना के तहत चयनित युवाओं को 9,000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, इसकेअतिरिक्त 6,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। युवाओं को उनकी रुचि एवं उपलब्ध अवसरों के अनुसार 6 अथवा 9 माह की अवधि की इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा।

### आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**अनूपपुर।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार नवाचार के लिए वर्ष  के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी है कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 1 अप्रैल से 31 मार्च की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। पुरस्कार के लिए 1 लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### गाज और सर्पदंश से बचाव के लिए परामर्श

**अनूपपुर।** मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग द्वारा आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी मौसमी एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने नागरिकों को परामर्श दिया गया है। सचिव (गृह) एवं समन्वयक मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया है कि मानसून अवधि में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

# गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का बनेगा हिस्सा कोरिया

**बैकुण्ठपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत इस वर्ष स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग थीम के साथ देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 जून को प्रातः 6:15 से 7:35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छग शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी विभागों, कार्यालयों एवं संस्थाओं को व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने भी जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की है। पंजीयन के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल

■ कल ऑनलाइन योग सत्र

फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के बाद व्हाट्सएप पर प्राप्त लिंक के माध्यम से पंजीयन कर ऑनलाइन योग सत्र में शामिल हुआ जा सकेगा। प्रशासन का लक्ष्य जिले के अधिकतम मोबाइल नंबरों से पंजीयन कराकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा योग संगम पोर्टल-2026 प्रारंभ किया गया है, जिसमें विभिन्न विभाग, शैक्षणिक संस्थान, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम एवं सामाजिक संगठन अपने कार्यक्रमों का पंजीयन कर सकेंगे तथा आयोजन उपरांत विवरण एवं छायाचित्र अपलोड करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ें तथा 14 जून को आयोजित ऑनलाइन योग सत्र में भाग लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रयास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## महुआ तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत

**बिश्रामपुर।** घर से तालाब में स्नान करने की बात कहकर निकले ग्रामीण का शव गुरूवार को तालाब में पाया गया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुरुवां निवासी 55 वर्षीय रामदयाल बिंझिया पिता तुइल देवारी देसी जड़ी से ग्रामीणों का इलाज करता था। बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे वह घर से तालाब में स्नान करने की बात कहकर निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने रामदयाल बिंझिया का शव महुआ तालाब में ऊपर तैरता देखा गया, जिसकी सूचना पुलिस व परिजन को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# झगराखाण्ड का साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत झगराखाण्ड द्वारा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने का संकल्प लिया गया था। इसी क्रम में 12 जून को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव के नेतृत्व में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे एवं नगरीय निकाय के समस्त कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 13 स्थित तालाब में सफाई अभियान के द्वितीय चरण का कार्य किया गया। अभियान के अंतर्गत तालाब में जमा गाद, प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर जल स्त्रोत को स्वच्छ एवं संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थितजन ने तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषणमुक्त रखने तथा उनमें कचरा न डालने का संकल्प भी लिया। संबंधित अधिकारियों ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



स्वच्छता अभियान में शामिल लोग।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने नए डीईओ का किया स्वागत



**बैकुण्ठपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरिया के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता का स्वागत किया।

इस अवसर पर फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक आरएस चांदे और महासचिव विश्वास भगत ने कहा कि जिले की शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। अनुभवी शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता को एक बार फिर कोरिया जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन पदस्थापना आदेश के बाद जिले के शिक्षा जगत में सकारात्मक चर्चा का माहौल निर्मित हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों के पदस्थापना आदेश जारी किए। इसी क्रम में जितेन्द्र गुप्ता को कोरिया जिले की शिक्षा व्यवस्था की कमान सौंपी गई है। श्री गुप्ता इससे पूर्व भी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। स्वागत समारोह में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक आरएस चांदे, महासचिव विश्वास भगत, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, सह सचिव अमृतांशु मिश्रा, सह सचिव दीपक तिर्की, प्रवक्ता सुरेश एक्का, प्रवक्ता राघवेन्द्र तिवारी सहित संगठन के सदस्य और कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गांव की महिलाओं के लिए कांति बनीं प्रेरणा

**बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित बिहान योजना का लखपति दीदी अभियान कोरिया जिले की महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की कहानी लिख रहा है।

■ दोना-पत्तल से शुरू हुआ सफर

बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम तलवापारा की रहने वाली श्रीमती कांति साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ आत्मविश्वास, मेहनत और बिहान योजना के सहयोग से आर्थिक सफलता की नई पहचान बनाई है। एक सामान्य कृषक परिवार से जुड़ी कांति साहू हमेशा अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनना चाहती थीं। आर्थिक संसाधनों और अवसरों के अभाव में उनका सपना अधूरा था। लगभग तीन वर्ष पूर्व वे गांव की महिलाओं के साथ शारदा महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं, जहां उन्होंने बचत, लेन-देन और समूह आधारित आर्थिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। समूह से जुड़ने के बाद कांति साहू को बैंक लिंकेज, एसवीईपी योजना और मुद्रा ऋण के माध्यम से लगभग 4 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस सहयोग ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने एक ही व्यवसाय पर निर्भर रहने के बजाय विभिन्न आजीविका गतिविधियों की शुरूआत की। कांति दीदी ने दोना-पत्तल निर्माण इकाई, धान कृषि बीज केन्द्र, मैचिंग सेंटर और सिलाई केन्द्र का संचालन शुरू किया। प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद उनकी लगन, मेहनत और परिवार के सहयोग ने इन प्रयासों को सफल व्यवसाय में बदल दिया। कांति साहू बताती हैं कि उनके पति महेन्द्र साहू हर कदम पर उनके साथ खड़े रहे। पति-पत्नी की मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि आज उनके सभी व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में इन व्यवसायों से उन्हें प्रतिमाह एक से डेढ़ लाख रूपए तक का कारोबार प्राप्त होता है, जबकि 30-35 हजार रूपए तक शुद्ध मासिक लाभ अर्जित हो रहा है। इस प्रकार उनकी वार्षिक शुद्ध आय तीन लाख रूपए से अधिक हो गई है, जिससे वे लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। आर्थिक रूप से सशक्त बनने के साथ कांति साहू का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।



# गांव-गांव पहुंचेंगे कृषि विशेषज्ञ

**बैकुण्ठपुर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 से 30 जून तक देशव्यापी खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है।

■ खेत बचाओ अभियान से प्राकृतिक खेती को मिलेगा नया बल

इसी क्रम में कोरिया जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन तथा उप संचालक कृषि, कोरिया के मार्गदर्शन में जिले के कृषि अधिकारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों के बीच संवाद, प्रशिक्षण, खेत प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के दौरान किसानों को बताया जा रहा है कि प्राकृतिक खेती न केवल ▶▶ शेष पेज 4 पर




### स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल को मिली सौगात

# 425 कार्यों की समीक्षा के बीच नए कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले के विकास को नई गति देने के लिए कुल 2797.17 लाख रूपए की लागत के विभिन्न जनकल्याणकारी एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक डीएमएफ मद से जिले को कुल 8189.71 लाख रूपए प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 6950.42 लाख रूपए का व्यय कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों को धरातल पर उतारा गया है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 425 विकास कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें 189 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 236 कार्य प्रगतिरत हैं। नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे ने विभागवार प्रस्तावों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के लिए 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में जिला टीकाकरण स्टोर स्थापना के लिए आवश्यक उपकरण, मुक्तांजलि वाहन, टीएमटी मशीन, होल्टर मशीन, 24 घंटे एबीपीएम मशीन, मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों के विशेष वेतन तथा विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं तकनीकी मानव संसाधनों की सेवाओं के विस्तार को स्वीकृति दी गई।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बरदर बाजार एवं एकलव्य विद्यालय क्षेत्र में फिलिंग कार्य कराने, एकलव्य विद्यालय में रिटर्निंग वॉल निर्माण कराने, जिले के समस्त जलाशयों का निरीक्षण एवं जांच कराने तथा नई लेदरी को ▶▶ शेष पेज 4 पर



डीएमएफ की बैठक लेते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

# गांव की पहली युवती बनीं पुलिस आरक्षक

**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लहरपुर (मुर्रा टोला) की होनहार बेटी राजकुमारी पनिका ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक (कांस्टेबल) पद पर चयनित होकर नया इतिहास रच दिया है। वह अपने परिवार की बड़ी बेटी होने के साथ-साथ अपने गांव की पहली ऐसी युवती हैं, जिनका चयन पुलिस सेवा में हुआ है। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



राजकुमारी के चयन की सूचना मिलते ही परिजन, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाइयां दीं और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं कीं। नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों ने राजकुमारी की इस सफलता को क्षेत्र की बेटियों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक बताया है। छात्र जीवन से ही अनुशासित और प्रतिभावान रहीं राजकुमारी पनिका ने अपनी प्रारंभिक एवं विद्यालयीन शिक्षा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी से प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर से पूरी की। उनके चयन पर विद्यालय व महाविद्यालय परिवार के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरव का क्षण बताया है। एक छोटे ग्रामीण क्षेत्र और सीमित संसाधनों के बीच मिली इस सफलता के पीछे राजकुमारी के माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी माता मुन्नी बाई पनिका और पिता जवाहर लाल पनिका ने तंगहाली के बावजूद अपनी बेटी को हमेशा उच्च शिक्षा, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

राजकुमारी पनिका की यह सफलता संदेश देती है कि प्रतिभा कभी संसाधनों की मोहताज नहीं होती। यदि इरादे मजबूत हों, परिश्रम सतत हो और परिवार का सहयोग मिले, तो सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। आज पूरा जैतहरी क्षेत्र अपनी इस होनहार बेटी की कामयाबी पर गर्व महसूस कर रहा है।



# तनु वेड्स मनु 3 की शुरू होने वाली है शूटिंग ...

**मुंबई।** फिल्म फ्रेंचाइजी 'तनु वेड्स मनु' का तीसरा भाग 'तनु वेड्स मनु : द नेक्स्ट चैप्टर' की शूटिंग इसी साल शुरू होने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी साल कंगना रनौत स्टारर हिट फ्रेंचाइजी फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की घोषणा इरोज इनोवेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई नई कंटेंट लिस्ट के दौरान की गई। फिल्म का निर्देशन मिताक्षरा कुमार करेंगी, जो इससे पहले 'हीरामंडी' और 'द एम्पायर' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। इस फिल्म का निर्माण रुद्रक सोमा ज्योति लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा।

लाइफ Style

# मदालसा

## 15 साल लीप के कारण छोड़ा शो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार प्लस के टॉप सीरियल अनुपमा में अनुपमा की सौतन काव्या का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मदालसा चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी कॅरियर के साथ-साथ शो छोड़ने का कारण बताया। अनुपमा शो छोड़ते वक्त मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लग , क्योंकि हम लाइफ में आगे बढ़ते हैं और 4 साल काम करना एक लंबा समय होता है।

शो 15 साल का लीप ले रहा था, इसलिए प्रोड्यूसर राजन शाही और मैंने फैसला लिया था कि मैं यह शो नहीं करूंगी। क्योंकि, 15 साल में आपका फेस बहुत बदल जाता है। मुझे स्क्रीन पर 15 साल ज्यादा ओल्डर नहीं दिखना था। यह तो एक गर्व की बात है कि आप ऐसे शो का हिस्सा रही हैं जो दर्शकों को बहुत पसंद आया है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मेरे पिता एक जाने माने डायरेक्टर- प्रोड्यूसर हैं। मेरी मां भी एक जाने मानी एक्ट्रेस रही हैं। मैं फिल्मी बैकग्राउंड से बिलॉन्ग करती हूं तो ऐसी कोई नई बात नहीं थी कि मैं एक अलग फील्ड से आई हूं। मेरे ससुर मिथुन चक्रवर्ती जी, मेरी सास सभी लोग फिल्म इंडस्ट्री से हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं कोई अलग इंडस्ट्री में हूं। आपको आपकी मेहनत से ही काम मिलता है, मुझे जो भी काम मिला है, मेरी मेहनत से मिला है। मैं इसी तरीके से आगे काम करना चाहूंगी। अगर आपको लंबी रेस का घोड़ा बनना है तो आपको अपना टैलेंट दिखाना पड़ेगा। मदालसा चक्रवर्ती (शर्मा) फिल्म के साथ-साथ टेलीविजन एक्ट्रेस हैं, उन्होंने सीरियल अनुपमा में वनराज शाह की दूसरी पत्नी और अनुपमा की सौतन काव्या शाह का किरदार निभाकर हर घर में अपनी खास जगह बनाई।




## हॉलीवुड मसाला



# डेनेरेस की मौत पर भड़की थीं एमिलिया

**नई दिल्ली।** फैंटेसी सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के कई किरदार आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। इनमें डेनेरेस तारगारयेन का नाम सबसे ऊपर आता है, जिसे ब्रिटिश अभिनेत्री एमिलिया क्लार्क ने निभाया था। हालांकि, सीरीज के आखिरी सीजन में डेनेरेस के साथ जो हुआ, उसने सिर्फ दर्शकों को ही नहीं, बल्कि खुद एमिलिया क्लार्क को भी हैरान कर दिया था। अब अभिनेत्री ने उस पल को याद करते हुए खुलासा किया है कि जब उन्हें अपने किरदार के अंत के बारे में पता चला तो वह बेहद गुस्से में थीं।




# द रॉक ने पूरे किए 30 साल जेल पर आधारित है कहानी

**नई दिल्ली।** आज से ठीक 30 साल पहले, 7 जून 1996 को माइकल बे की फिल्म द रॉक रिलीज हुई थी। शॉन कॉनरी, निकोलस केज और एड हैरिस की तिकड़ी की यह एक्शन थ्रिलर आज भी एक्शन प्रेमियों की पहली पसंद है। बेशक फिल्म को तीन दशक हो चुके हैं, लेकिन आज भी इसकी गिनती टॉप एक्शन फिल्मों में होती है। द रॉक की कामयाबी को इस बात से ही समझा जा सकता है कि 75 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से 712 करोड़ रुपए) ) के बजट में बनी फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 335 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से 3184 करोड़ रुपए) से ज्यादा कमाए। 'द रॉक'' की कहानी अलकाट्राज जेल पर आधारित है। ब्रिगेडियर जनरल फ्रांसिस हम्मेल (एड हैरिस) अपने मारे गए सैनिकों के परिवारों के लिए न्याय मांगते हुए अलकाट्राज पर कब्जा कर लेता है।



# लॉक अप सीजन-2 का प्रोमो जारी...


**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने अपने चर्चित रियलिटी शो 'लॉक अपः सच या सजा' का पहला वीडियो जारी कर दिया है। इस छोटे से वीडियो ने आते ही दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। वीडियो में फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान और अभिनेता रितेश देशमुख जेल के अंदर नजर आ रहे हैं। हालांकि, शो के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस झलक ने लोगों के मन में कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। इंस्टाग्राम पर जारी किए गए वीडियो में फराह खान और रितेश देशमुख को कैदियों की तरह दिखाया गया है। क्लिप में फराह खान को कैदी संख्या 06 और रितेश देशमुख को कैदी संख्या 27 के रूप में दिखाया गया है। दोनों जेल की कोठरियों में कैद हैं। जेल का माहौल रहस्य और तनाव से भरा है।



# वेलकम टू द जंगल में हंसी का धमाल

**मुंबई।** कॉमेडी और एक्शन वाली 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर 11 जून को रिलीज हो चुका है। फिल्म रिलीज से 15 दिन पहले आए इस ट्रेलर ने आते ही तहलका मचा दिया है जिसमें एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा और सस्पेंस सब कुछ ठूंस-ठूंस कर भरा दिख रहा है। जैसी उम्मीद थी कि 'वेलकम' सीरीज की ये फिल्म हंसी और रोमांच का डबल डोज देने वाली है, ट्रेलर इसपर पूरी तरह से फिट नजर आ रहा है। कहीं-कहीं ट्रेलर की झलकियां देख अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के बीच 'हेरा फेरी' वाली नोंकझोंक भी याद दिलाती नजर आ रही है। कि'वेलकम टू द जंगल' इसी महीने के अंत में 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर लांच के लिए वीआरएफ स्टूडियो की तरफ से भव्य इवेंट लॉन्च किया गया।

## टीवी मसाला



# सैराब में दिखाई जा रही प्रियंका-निक की लव स्टोरी?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो सैराब इन दिनों चर्चा में है, जिसमें एक्ट्रेस मदिराक्षी मुंडले नजर आ रही हैं। कई लोग उन्हें सिया के राम में सीता के किरादर में जानते होंगे और पसंद करते होंगे। लेकिन, अब वह एक मां के रोल में सैराब सीरियल में नजर आ रही हैं, जिसकी कहानी एक पॉप स्टार और एक डॉक्टर की है। हालांकि, जब से शो का पहला प्रोमो आया तब से इसकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की लव स्टोरी से की गई। अबमदिराक्षी मुंडले ने कहा- वैसे तो मैं उनकी कहानी से कुछ विशेष परिचित नहीं हूं। यदि कोई समानताएं हैं तो मुझे लगता है कि ये एक संयोग हो सकता है। सैराब एक बहुत रोचक रोमांटिक लव स्टोरी है। नयनिका, जो मेरा किरदार है, और ईशान, जिसे रोहित कर रहे हैं, दो इतने अलग व्यक्तित्व हैं। बहुत समय बाद ऐसा कोई शो शायद आया है जिसे क्लासिकल लव स्टोरी कहा जा रहा है और दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी बहुत जोश भरी हैं। कई लोगों के जीवन में ऐसे योग आते हैं जिनसे उन्हें पर्सनल रूप से कष्ट और दुःख होता है। संभव है ये लोग अपने जीवन में एक और मौके की चाह तो रखते हैं, लेकिन शायद खुले में ये बोल नहीं पाते क्योंकि परिस्थितियां कुछ इस प्रकार की होती हैं। ऐसे में कैसे नयनिका, जो एक डॉक्टर हैं, और ईशान, जो एक रॉकस्टार हैं, एक-दूसरे के निकट आते हैं, सैराब उसी की एक संगीतमय कहानी है।

## गंगा माई की बेटियां सीरियल का बोलबाला

**नई दिल्ली।** टीआरपी लिस्ट में पिछले कुछ हफ्तों से बड़ा उल्टफेर हो रहा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 और अनुपमा जैसे सीरियल्स को नए शोज टक्कर दे रहे हैं। 22वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' ने बाजी मारी है।



गंगा माई की बेटियां सीरियल में एक मां और उसकी बेटियों के संघर्ष को दिखाया गया है। इसको 22वें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है, यह सीरियल पहले नंबर पर है। जबकि 21वें हफ्ते में इसको 1.8 की टीआरपी मिली थी। देखा जाए तो 22वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी में उछाल आया है। सीरियल वसुधा को 22वें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है। यह सीरियल टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। 21वें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी इतनी ही थी। यह सीरियल भी एक साधारण लड़की के सपनों, संघर्ष और प्रेम की कहानी को दिखाता है। तीसरे नंबर पर सीरियल तुम से तुम तक है। इस सीरियल को 22वें हफ्ते में 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। 21वें हफ्तें भी इसकी इतनी ही टीआरपी थी।

# वीर दास होंगे बारह नंबर के निर्देशक स्टारकास्ट का किया ऐलान

**मुंबई।** एक्टर, कॉमेडियन और फिल्ममेकर वीर दास ने अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म 'बारह नंबर' का ऐलान किया है। इस फिल्म में शीबा चड्ढा, अरुणोदय सिंह, एहसास चन्ना और अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार होंगे। यह साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है। दास ने इस साल की शुरुआत में स्पाई कॉमेडी फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था। 'बारह नंबर' के लिए वीर दास एक बार फिर 'हैप्पी पटेल' के को-डायरेक्टर कवि शास्त्री के साथ काम करेंगे। इस फिल्म से वह क्रिएटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दास भी फिल्म में बतौर एक्टर काम करेंगे। इसमें निहारिका लायरा दत्त, श्रिया पिलगांवकर, सुहैल नय्यर, पूजा स्वरूप और नवीन कौशिक भी शामिल हैं। वीर दास ने बताया 'इस प्रोजेक्ट की सबसे रोमांचक बात यह है कि इसमें ऐसे कलाकार साथ आए हैं, जिनकी मैं तारीफ करता हूं। शीबा, अतुल, अरुणोदय, श्रिया, एहसास, निहारिका, सुहैल और नवीन, हर कोई फिल्म में एक अलग ऊर्जा और असलियत लेकर आता है।' उन्होंने आगे कहा 'हॉरर फिल्म तब अच्छी लगती है जब दर्शकों को हर पल असली लगे और इस कलाकारों की टीम ने कहानी को उस स्तर से कहीं आगे पहुंचा दिया है, जो मैंने इसे लिखना शुरू करते समय सोचा था।' देली बेली, गो गोवा गॉन जैसी फिल्मों और कॉल मी बे जैसी सीरीज में काम करने के लिए मशहूर वीर दास, अपने बैनर जजू प्रोडक्शंस के जरिए 'बारह नंबर' को प्रोड्यूस करेंगे।



# मौनी और जिमी का नया गाना पड़ोसन रिलीज, लिरिक्स पर जमकर बखेड़ा

**मुंबई।** डेविड धवन की कई स्टार्स वाली रोमांटिक कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है' बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले अहम हफ्ते के दिनों में भी लोगों का ध्यान खींच रही है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड में शानदार 24 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है, लेकिन ये अब सुस्त होती जा रही है। वहीं, फिल्म के गाने भी धीरे-धीरे रिलीज हो रहे हैं। फिल्म का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है और मौनी रॉय इसमें डांस कर रही हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है। इसमें मौनी रॉय और जिम्मी शेरगिल दिखाई दे रहे हैं और दोनों जबरदस्त डांस भी कर रहे हैं। गाने के लिरिक्स कुछ ऐसे हैं कि 'पत्नी को खिचड़ी खिलाके सुलाने में, भैया जी, लेट कभी होने ना दें और फिर सवेरे तक अपनी पड़ोसन को सोने ना दें!' गाने के कमेंट सेक्शन में एक बार फिर अश्लीलता को लेकर बातें शुरू हो गई हैं। कमेंट सेक्शन में मौनी रॉय की तो खूब तारीफ हुई है, लेकिन लिरिक्स को लेकर भद भी पिट रही है। एक ने लिखा- इन लोगों की वजह से पड़ोसन भी सेफ नहीं है। एक ने कहा- इसके अलावा कुछ रह गया है कि नहीं। मौनी रॉय का तो कमेंट सेक्शन ऐसी ही बातों से भरा हुआ है। एक ने लिखा- बस यही सुनने को बाकी रह गया है। एक यूजर ने कहा- एक असली सवालः क्या एक्टर्स साइन करने से पहले गाने के बोल सुनते हैं, या रिलीज होने के बाद हम लोगों की तरह उन्हें भी पता चलता है? मतलब, सच में, तुम लोगों को क्या हो गया है? कुछ फैंस ने तो गुस्से में काफी कुछ बोल दिया और फिल्म इंडस्ट्री पर ही सवाल उठाया। एक ने लिखा- मौनी जिमी तो अच्छे हैं लेकिन ये गाना, कितना घटिया है। एक ने कहा- चीप गाना और उससे बकवास फिल्म। अनुभवी फिल्म निर्माता डेविड धवन की निर्देशित 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े लीड रोल्स में हैं, जिसमें मनीष पॉल, चंकी पांडे, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय और राजपाल यादव जैसे कई कलाकार शामिल हैं।



## 4 फिल्मों में चला एक ही गाना, 2 फिल्में हिट, तीसरी ने की बम्पर कमाई

# 49 साल से लोगों के दिलों पर राज कर रहा है ये गाना

***नई दिल्ली।*** *फिल्में आती हैं, जाती हैं और वक्त के साथ कई गाने भी लोगों की यादों से धुंधले पड़ जाते हैं। लेकिन, कुछ गाने ऐसे होते हैं जो हर दौर में खुद को फिर से साबित कर देते हैं। चाहे 70 का दशक हो, 90 का दौर हो या फिर आज का समय, उनका जादू कभी फीका नहीं पड़ता। बॉलीवुड का एक ऐसा ही गाना पिछले 49 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। दिलचस्प बात ये है कि इस गाने ने सिर्फ एक नहीं, बल्कि चार अलग-अलग फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जहां-जहां ये गाना पहुंचा, वहां इसने दर्शकों का दिल जीत लिया। हम बात कर रहे हैं सदाबहार हिट गाने 'मुंगड़ा मुंगड़ा' की, जिसका क्रेज आज भी बरकरार है।*

### हेलन पर फिल्माया गया और बन गया सनसनी

'मुंगड़ा मुंगड़ा' पहली बार साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'इंकार' में सुनाई दिया था। इस गाने को उषा मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी, जबकि इसे हेलन पर फिल्माया गया था। गाना रिलीज होते ही लोगों की जुबान पर चढ़ गया। इसके बोल, संगीत और हेलन के डांस ने ऐसा रंग जमाया कि देखते ही देखते ये उस दौर का सुपरहिट गाना बन गया।

### फिल्म से ज्यादा गाने की हुई चर्चा

विनोद खन्ना और विद्या सिन्हा स्टारर 'इंकार' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा 'मुंगड़ा मुंगड़ा' की हुई। आज भी जब पुराने सुपरहिट गानों की बात होती है तो इस गाने का नाम जरूर लिया जाता है। यही वजह है कि इसे बॉलीवुड के सबसे यादगार गानों में गिना जाता है।

### दूसरी फिल्म में भी चला मुंगड़ा का जादू

साल 1984 में रिलीज हुई फिल्म 'अंदर बाहर' में भी 'मुंगड़ा मुंगड़ा' सुनाई दिया। फिल्म में अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, मुनमुन सेन और किम जैसे सितारे नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही, लेकिन गाने की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई। दर्शकों ने एक बार फिर इस गाने को खूब पसंद किया।



### आज भी लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल

बहुत कम गाने ऐसे होते हैं जो कई पीढ़ियों के बीच अपनी पहचान बनाए रखते हैं। 'मुंगड़ा मुंगड़ा' उन्हीं चुनिंदा गानों में शामिल है। चार फिल्मों का हिस्सा बन चुका ये गाना आज भी शादी-पार्टी और डांस फ्लोर की रौनक बना हुआ है। शायद यही वजह है कि 49 साल बाद भी इसका जादू पहले जैसा कायम है।

### *29 साल बाद फिर बड़े पर्दे पर लौटा*

*घायल के बाद इस गाने ने लंबा इंतजार करवाया, लेकिन साल 2019 में ये फिर नए अंदाज में लौट आया। फिल्म 'टोटल धमाल' में 'मुंगड़ा मुंगड़ा' को रीक्रिएट किया गया। इस बार गाना सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माया गया था। पुराने गाने का तड़का और नए दौर का अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया। फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और हिट साबित हुई।*

### सनी की सुपरहिट फिल्म तक पहुंचा गाना

इसके बाद साल 1990 में रिलीज हुई 'घायल' में भी 'मुंगड़ा मुंगड़ा' को शामिल किया गया। सनी देओल, मीनाक्षी शेषाद्रि और अमरीश पुरी स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। करीब 2 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म ने कई बड़े अवॉर्ड भी जीते और उस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी बीएमओं पर फर्जी यात्रा देयक आहरण करने का आरोप

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी पर शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों के विपरीत यात्रा भत्ता आहरण के माध्यम से आर्थिक अनियमितता करने का आरोप लगाया है तथा जिला स्तरीय जांच दल गठित कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने बताया कि दरिमा सीएचसी के प्रभार खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वरा वित्तीय प्रावधानों की अवहेलना कर स्वयं का यात्रा भत्ता आहरण किया गया है। यात्रा भत्ता आहरण के लिए शासन की अनुमति आवश्यक है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा वैद्य अनुमति के बिना ही विभिन्न यात्राओं के देयक पर फर्जी देयक प्रस्तुत कर राशि आहरित की गई है। शासन के नियमानुसार इस तरह की गतिविधि अनियमितता एवं शासकीय राशि के दुरूपयोग की श्रेणी में आती है जिसकी जिला स्तरीय टीम से निष्पक्ष जांच जरूरी है।

### राष्ट्रपति भवन पंडोनगर में हुई शिक्षक-पालक-बालक बैठक

**मदनपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील से प्राप्त मार्गदर्शन अनुरूप पंडोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन में ग्राम सरपंच श्रीमती बसंती पंडो के नेतृत्व में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला पंडोनगर के पालक-शिक्षक एवं बच्चों के मध्य संवाद आयोजित की गई। बैठक में शैक्षिक सत्र 2026- 27 हेतु बच्चों की दर्ज संख्या की जानकारी लेते हुए शैक्षिक सत्र के दौरान आने वाली परेशानियों को बच्चों के माता श्रीमती इंदरमती पंडो, श्रीमती सुहारो पंडों, श्रीमती हीरामणि पंडो, सुप्रिया पंडों, शिवानी पंडो एवं सरपंच श्रीमती बसंती पंडो एवं बुधनाथ पंडो से जानने का प्रयास किया गया। उपस्थित बच्चों के माता तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने, बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने, विद्यालय से पढ़कर लौटकर आने पर उन्होंने पढ़ने बैठाने हेतु सहमति दी। विद्यालय की स्वच्छता एवं साफ सफाई सहित 16 जून से ही विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षक डायरी लेखन व उसी दिन से मध्याह्न भोजन बनाकर खिलाने को कहा गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह, संकुल प्राचार्य आईडी खलखो, बीआरपी पंकज सिंह, शिव खैरवार, अमलचंद दास, नवीन जॉन, श्रीमती सुसन्ना एक्का, कमलाभनी, पूनम राजवाड़े, श्रीमती सावित्री कुशवाहा, ज्योति कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार रवानी, विवेक कुमार तिग्गा, दीपक केरकेट्टा, ठाकुर प्रसाद, राकेश पटवा, राजकुमार गर्ग, सीमांचल त्रिपाठी, अनुजनगर, कैलाशपुर तथा सिलफिली संकुल के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के समस्त प्रधान पाठक, शाला विकास समिति के सदस्य सहित बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## अधिकांश संस्थाओं में पाई गई खामियां

# होटल-रेस्टोरेंट एवं अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा नियमों की अवहेलना बन सकती है जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होटलों एवं अस्पतालों में शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों की अवहेलना बड़ी दुर्घटना के कारण बन सकते हैं। देश की राजधानी दिल्ली स्थित एक होटल में हुई आगजनी की घटना के बाद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित ऐसे संस्थानों में उपलब्ध सुरक्षा उपायों पर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि संभाग मुख्यालय की फायर बिग्रेड की टीम पूर्व से ही शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में फायर ऑडिट कर रही है लेकिन इसका कुछ खास प्रभाव पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

**खास बात**

- कर्मचारियों को नहीं है उपकरणों के परिचालन की जानकारी

वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए संभाग मुख्यालय में बहुमंजिला होटल, लॉज, रेस्टोरेंट, अस्पताल व्यवसायिक परिसर, मॉल, शादी घर आदि आकार ले रहे हैं। इन संस्थानों में भारी भीड़ भी उमड़ रही है। मुख्य मार्ग पर संचालित इन संस्थानों में से अधिकांश के पास न तो पार्किंग की सुविधा है न ही शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का ही पालन किया जा रहा है। कई संस्थान तो संकरी गलियों में संचालित हो रहे हैं जहां आपात स्थिति निर्मित होने पर आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना भी मुश्किल है। शहर के अधिकांश होटलों-रेस्टोरेंट एवं निजी अस्पतालों में मानक के अनुसार सीढ़ियों का निर्माण नहीं किया गया है। शासन के निर्देश पर अधिकांश संस्थानों में आग की घटना से निपटने के लिए उपकरण रखे गए हैं लेकिन परिचालन की जानकारी किसी भी कर्मचारी को नहीं है। कई संस्थानों में आपात स्थिति में निपटने के लिए अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं है।


सुरक्षा उपकरणों की जांच करते फायर ब्रिगेड की टीम।

**14 मीटर ऊंचे भवनों की सुविधा जरूरी**

शासन द्वारा वर्ष 2016 के पूर्व 24 मीटर ऊंचे भवनों के लिए आग सहित अन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक आपातकालीन सुविधाओं को आवश्यक किया था। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं को देखते हुए शासन ने वर्ष 2016 में 14 मीटर ऊंचे सभी भवनों के आपातकालीन सुविधाओं को आवश्यक किया है। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार जिन भवनों में अधिक संख्या में लोगों की आवाजाही होती है वहां सीढ़ियों की चौड़ाई पर्याप्त होनी चाहिए। गलियारे की लंबाई अधिक होनी चाहिए साथ ही भवनों में आपातकालीन द्वार भी होना चाहिए ताकि आपात स्थिति निर्मित होने पर लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें। बहुमंजिला भवनों के लिए ओवर हेड या अंडरग्राउंड पानी टंकी एवं हाइड्रेंट भी आवश्यक है ताकि जरूरत पड़ने पर पानी का उपयोग किया जा सके।

**हर महीने ऑडिट**

संभागीय सेनानी के निर्देश पर फायर बिग्रेड की टीम पिछले एक साल से शहर सहित जिले भर के बहुमंजिला शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों की फायर ऑडिट कर रही है। फायर बिग्रेड के प्रभारी के अनुसार टीम हर सप्ताह दो दिन शहर सहित आसपास के इलाकों में फायर ऑडिट करती है तथा अब तक 500 से अधिक संस्थानों की ऑडिट कर चुकी है। टीम द्वारा ऑडिट में लापरवाही मिलने पर समझाइश एवं आवश्यक सुझाव भी दिए जाते हैं। ऑडिट के दौरान कई होटलों में फायर सिस्टम अनुपयोगी पाए गए हैं वहीं अधिकांश संस्थाओं में सिस्टम तो है लेकिन कर्मचारियों को परिचालन की जानकारी नहीं है। फायर बिग्रेड की टीम लापरवाही पर 100 से अधिक संचालकों को नोटिस भी जारी कर चुकी है। जिन खामियों के लिए टीम द्वारा नोटिस जारी की जाती है उसके पालन की जानकारी टीम को आगामी ऑडिट में मिलती है।

कहीं सुविधाएं है भी तो प्रबंधन ने कभी इसका परीक्षण नहीं किया। अग्निशमन के लिए पूर्व में लिए गए लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तो कही आग से सुरक्षा के लिए रखे गए उपकरण अनुपयोगी हो गए हैं। इस तरह की लापरवाही कभी भी घातक साबित हो सकती है। कहने के लिए फायर बिग्रेड की टीम शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत नियमित शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों की फायर ऑडिट करने के साथ ही लगातार नोटिस भी जारी कर रही है लेकिन दण्ड का प्रावधान नहीं होने के कारण लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। यह जानकर हैरानी हो सकती है कि सुरक्षा निर्देशों के पालन में निजी संस्थाएं तो लापरवाही कर रही हैं शासकीय संस्थान भी सुरक्षा निर्देशों की अवहेलना में पीछे नहीं है। फायर ऑडिट में कई शासकीय स्कूलो, अस्पतालों एवं कार्यालयों में भी बड़ी लापरवाही पाई गई है। शासन द्वारा नये नियमों के तहत होटलों के लिए हर कमरे में स्मॉक डिटेक्टर आवश्यक किया है जिसकी जमकर अवहेलना की जा रही है।

**संकरी गलियां बड़ी चुनौती**

पिछले दिनों राम मंदिर के पास संकरी गली में संचालित मुकेश पटाखा दुकान में हुई आगजनी की घटना से लोग अभी तक उबर नहीं पाए हैं। शहर में लगातार धड़ल्ले से अवैध निर्माण होने के कारण ऐसी गलियों की संख्या बढ़ते जा रही है। अवैध निर्माण के रोकथाम के लिए निगम ने बड़ी संख्या में कर्मचारियों को भी तैनात किया है लेकिन अवैध निर्माण नहीं रूक रहा है। संकरी गलियां सुरक्षा की दृष्टि से भविष्य में बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

**लगातार किया जा रहा फायर ऑडिट**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में फायर बिग्रेड की टीम लगातार बहुमंजिला भवनों की फायर ऑडिट कर रही है। टीम द्वारा लापरवाही पर संचालकों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।

-एसके कठौतिया, जिला सेनानी होमगार्ड



# चंदेली जंगल में बने अवैध मकानों को ढहा हटाया गया अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत टुकुडांड सर्किल के चंदेली बीट में दो ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान के तहत वनभूमि में निर्मित मकान को जेसीबी से ढहाने के साथ ही ग्रामीणों द्वारा बनाए गए खेत को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

- प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत चंदेली बीट के कक्ष क्रमांक पी-68 में ग्राम सिलौटा निवासी महत्तम पिता रामचंद्र गोड़ एवं सुखन पिता विगन गोड़ 5 एकड़ वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे थे तथा कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे थे। पूर्व में वनकर्मियों द्वारा अवैध अतिक्रमण का विरोध करने पर ग्रामीण धमकी देते थे। अतिक्रमणकारियों की मनमानी पर विभाग द्वारा मामले में अपराध पंजीबद्ध करने के साथ कई बार अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी लेकिन अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा विभाग द्वारा वन अधिनियम 1972 की धारा 72 के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने को कहा गया लेकिन अतिक्रमणकारी चुप्पी साधे रहे। अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता देख विभाग द्वारा 5 जून को ग्राम पंचायत सिलौटा में मुनादी करा सार्वजनिक रूप से अंतिम बार 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई। निर्धारित समय गुजरने के बाद बुधवार को वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जेसीबी लेकर पहुंची तथा वनभूमि पर बने अवैध मकानों को ध्वस्त करा दोनों ग्रामीणों के कब्जे से 5 एकड़ वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान उपवन मण्डलाधिकारी, परिक्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में वन व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## राजमोहिनी देवी संस्थान ने निकाली जनजागरण रैली, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्थान गोविंदपुर द्वारा माता राजमोहिनी देवी की उत्तराधिकारी माता रामबाई व संत गहिरा गुरू सनातन संत आश्रम के अध्यक्ष बबरू वाहन के नेतृत्व में बुधवार को नशा मुक्ति जन जागरण रैली निकाली गई। रैली राजमोहनी देवी भवन से शुरू होकर अम्बिकापुर कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंची जहां राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व राजमोहिनी भवन में आमसभा की गई जिसमें बबरू वाहन महाराज ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी और संत गहिरा गुरू ने समाज को मांस-मदिरा त्यागने का संदेश दिया है। हम सभी का दायित्व है कि उनके बताये मार्ग पर चलकर सर्व समाज इन बुराइयों का त्याग करें। जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री लखन सिंह पैकरा ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि माता राजमोहनी देवी एवं संत गहिरा गुरू जैसे महान संतों का आशीर्वाद, मार्गदर्शन व प्रेरणा हमें मिली। समाज में परिवर्तन लाने के लिए हमें उनके संदेशों को याद रखना होगा। पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि समाज को समय-समय पर एकजुट करने के लिए संतों की वाणी का स्मरण करते रहना चाहिए। राजमोहनी देवी सेवा संस्थान के अमृत सिंह मराबी तथा त्रिभुवन सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान परमेश्वर सिंह मरकाम, श्रीमती अरूणा सिंह, सहदेव भगत, कमला प्रसाद सिंह, धर्म सिंह, संतोष दास, बिहारीलाल उरांव, दिनेश पावेल तथा कमलेश टोप्पो, सुदामा प्रसाद आयाम, दोहन प्रसाद नेताम, धनी सिंह, रामकरण सिंह, नंदू सिंह कामरों, लक्ष्मण सिंह आयाम, हरिहर अर्जुन, शंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में संस्थान के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा अनुयायी उपस्थित थे।



# गेउर नदी पुल पर हाइवा खराब होने से आधे घंटे तक लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच-343 के अंबिकापुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह गेउर नदी पुल के पास एक गिट्टी से लोड हाईवा के अचानक खराब हो जाने से लगभग आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। इस दौरान पुल की संकरी जगह पर पीछे से आ रही एक यात्री बस हाईवा से सटकर फंस गई, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि समय रहते पुलिस, प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयास से स्थिति पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।



जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7.20 बजे गिट्टी लेकर राजपुर की ओर आ रहा हाईवा जैसे ही गेउर नदी पुल के पास पहुंचा तभी वाहन में तकनीकी खराबी के कारण बीच मार्ग में खड़ा हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रही एक यात्री बस पुल की संकरी जगह के कारण हाईवा के पास फंस गई। बस और हाईवा के एक साथ खड़े हो जाने से दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर यात्री बसों, छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद बस को सुरक्षित निकाला गया। इसके बाद पुलिस विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से खराब पड़े हाईवा को पुल से हटवाया। करीब आधे घंटे बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका और जाम में फंसे वाहनों को क्रमवार रवाना किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गेउर नदी पुल में काफी सड़क खराब और संकरा है, जिसके कारण इस तरह की स्थिति अक्सर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## सर्पदंश से महिला की मौके पर ही गई जान

**राजपुर।** जिले में बारिश और बदलते मौसम के बीच जहरीले सांपों का आतंक शुरू हो गया है। राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धंधापुर के डुमरपारा में 26 वर्षीय देवमती मरावी की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रात करीब 2 बजे से सुबह 10 बजे के बीच सांप ने सोते समय देवमती को डस लिया, लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लगी। सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद जब कमरे की तलाशी ली गई तो वहीं जहरीला सांप दिखाई दिया। परिजन ने हिम्मत दिखाते हुए सांप को पकड़ भी लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

# शहीद विद्याचरण शुक्ल को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. शहीद विद्याचरण शुक्ल की 13 वी पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 2013 को 25 मई को झीरम घाटी हमले में गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत इलाज के दौरान 11 जून 2013 को उनकी मृत्यु हो गई थी। अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. रविशंकर शुक्ल के छोटे पुत्र स्व. विद्याचरण शुक्ल राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। पार्टी में उनके योगदान को याद करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि विद्या भैया का राजनीतिक चरित्र इस दृष्टि से आज के परिपेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ आमजन की निः स्वार्थ सहायता के लिए लोकप्रिय थे। उनके विषय में यह बात लोकप्रिय थी की कोई व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में खड़े होकर उनसे सहायता की उम्मीद करे तो उसकी जरूरत वो पूरी करते थे, इसी लिये वो आमजन और कार्यकर्ताओं के दिलों पे राज करते थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने किया। सभा को मो इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, लोकेश कुमार, रजनीश सिंह ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, एपी सांडिल्य, संजय सिंह, जमील खान, प्रमोद चौधरी, मो हसन, लुकस एक्का, बल्केश्वर तिर्की, निकी खान आदि शामिल है।



**क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल को किया याद**

सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल मे है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है का नारा देने वाले अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। 19 दिसंबर 1927 को काकोरी कांड के महानायक को 30 वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजों ने फाँसी की सजा दे दी थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. राजेश पायलट को उनकी 26 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आज ही के दिन सन 2000 में उनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। एयरफोर्स की नौकरी छोड़ 6 बार सांसद बने राजेश पायलट का वास्तविक नाम राजेश कुमार विधूड़ी था। वे कांग्रेस महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट के पिता थे।

कार्यालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया ( छ.ग. )
// ईश्तहार//
ई- कोड क्र............./ब-121/2026

आवेदक अनुरुद्ध प्रसाद गुप्ता पिता स्व. श्री रामदुलारे गुप्ता निवासी ग्राम केनापारा ओड़गी थाना एवं तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि केन्द्र सरकार के अन्तर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने पुत्री नव्या अग्रहरि के लिए आवेदन पत्र प्रारूप पेश किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, अंकसूची, निवास, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर पेश किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 25/06/2026 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

# पीएम के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम नरेंद्र मोदी के भारत वर्ष में सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान एवं सुशासन के 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर संत हरकेवल दुर्गा मंदिर में महायज्ञ और पूजा आरती एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का आयोजन भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ सरगुजा के नेतृत्व में आयोजन को किया गया। यज्ञ समापन के उपरांत नगर के नागरिकों को संबोधित करते हुए निगम की महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री सबसे लंबे अवधि तक देश का नेतृत्व करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री हो गए हैं जिनके सुशासन के 12 साल में देश प्रगति पथ पर है उनके नेतृत्व में देश बेहतर चिकित्सा शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है साथी सुरक्षा के क्षेत्र में और भी मजबूती आई है। ननि सभापति आदरणीय हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आने को ऐसी जनकल्याणकारी योजना का जन-जन तक संचालन किया जा रहा है जो समाज के हर जरूरतमंद के लोगों तक बिना भेदभाव तक पहुंच रहा है।

## सीनियर सिटीजन फोरम की बैठक में पौधरोपण पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** सीनियर सिटिजन फोरम सिविल राइट्स की मासिक बैठक बांकी डैम के पास फार्म हाउस में अध्यक्ष आईबी तिवारी के अध्यक्षता में मंगलवार को हई।बैठक के प्रारंभ में वरिष्ठ सदस्यों के स्वागत में पिछले माह के शेष बिन्दुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष श्री तिवारी ने पिछले माह के शेष विषयों और आगामी माह में फोरम द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा इस साल भी निर्धारित स्थानों पर अधिक से अधिक पोधरोपण करने का अह्वान किया। विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत सचिव रामेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में विष्णु प्रताप अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, जगदीश राय भूरिया, घनश्याम दास, श्रीनिवास केडिया, लक्ष्मी चंद्र तारा चंद्र गुप्ता, वीरेंद्र त्रिपाठी, रामचंद्र अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दिव्यांग अतवारों की पुकार पहुंची प्रशासन तक, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मिलने पहुंचे घर

**बिश्रामपुर।** भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत राई के माझापारा निवासी 60 प्रतिशत दिव्यांग युवती अतवारो देवांगन की समस्याओं को लेकर प्रकाशित समाचार का असर दिखाई देने लगा है। वर्षों से दिव्यांग पेंशन और सहायक उपकरण के लिए संघर्ष कर रही अतवारो की आवाज आखिरकार प्रशासन तक पहुंच गई। खबर प्रकाशित होने के बाद समाज कल्याण विभाग हरकत में आया और अधिकारियों की टीम स्वयं उनके घर पहुंची।

गुरुवार को जिला उपसंचालक समाज कल्याण आलोक भुआल के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने राई माझापारा पहुंचकर अतवारो देवांगन एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और उनकी वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

**K.B.PATEL COLLEGE OF NURSING**
**NAGPUR ROAD, SARBHOKA M.C.B. (C.G.)**
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur
***Application are invited for following posts under Statue-16***

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01 | Professor cum Principal | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc. (N), Ph.D. (N) having total 15 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years after M.Sc. (N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable |
| 02 | Professor cum Vice-Principal | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc. (N) Total 12 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 03 | Associate Professor/ Reader | 02 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 04 | Assistant Professor/ Lecturer | 03 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc. (N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable. |

**Other terms & conditions :-**
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria: :-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national / international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application:-** Within 15 Days from the date of publication of advertisement.)

**Deputy Registrar**

CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Separate Boys and Girls Hostel
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456
Major Pravin Singh (Retd.)
Branch Raipur, Bhilai, Manendragarh
NH 43, Lai Village, Near Hasdeo River Bridge, Manendragarh 497442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष का 81 वां जन्मदिवस मना



**डोमनहिल।** राजपूत क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह का 81 वां जन्मदिवस समाज के लोगों की उपस्थिति में मालवीय नगर स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन के बाद भंडारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था एवं पुलिसिंग के लिए थाना प्रभारी विजय सिंह का समाजजन द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। गौरतलब है कि वकालत के पेशे से जुड़े देवेन्द्र सिंह 80 वर्ष की आयु पार करने के बाद भी समाज की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं।

### बैकुंठपुर में रक्तदान शिविर कल

**बैकुण्ठपुर।** खून की हर बूंद किसी न किसी के लिए सांस के समान है और देना ही जीना है के प्रेरक संदेश के साथ भारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला कोरिया, जिला संगठक, भारतीय रेडक्रास सोसायटी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एसईसीएल डिस्पेंसरी, ऑफिसर्स सेक्टर कॉलोनी बैकुंठपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। शिविर में जिले के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की गई है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज, दुर्घटना पीड़ित, प्रसूता महिला अथवा अन्य जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे दाता के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। कार्यक्रम के दौरान नियमित एवं प्रेरणादायी रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस पुनीत अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और रक्तदान कर किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने में अपनी सहभागिता निभाएं।

### 18 को लगेगा विशेष स्वनिधि कैंप

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 से 30 जून तक देशभर में पीएम स्वनिधि विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में छग शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पथ विक्रेताओं, शहरी गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से स्वनिधि महोत्सव, लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का ने जानकारी दी है कि 18 जून को नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्वनिधि कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में पात्र पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा, डिजिटल भुगतान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। कैंप के दौरान पथ विक्रेताओं को योजना के तहत प्रथम चरण में 15 हजार रूपए, द्वितीय चरण में 25 हजार रूपए तथा तृतीय चरण में 50 हजार रूपए तक के ऋण के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक हितग्राही नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

बस्ती के बीच गुजरे सहायक नहर पर किया गया अतिक्रमण

# लाखों की लागत से बनाई गई नहर मरम्मत के अभाव में हुई जर्जर

## खेत तक नहर का पानी नहीं पहुंचने से किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

जीवन के लिए जितना पानी जरूरी है उतना ही खेती किसानी के लिए भी जरूरी है। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो तो बंजर जमीन पर खेती संभव है। परंतु पानी न हो तो उपजाऊ भूमि भी बंजर हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत पुहपुटरा सहित आसपास गांव की है। बस्ती से गुजरने वाले सहायक नहर की हालत जर्जर हो जाने से क्षेत्र के किसान अब बारिश के पानी से खेती किसानी करने पर निर्भर है। पहले जहां नहर में पर्याप्त पानी सप्लाई होने से किसान दोहरी फसल उगाते थे परंतु नहर पर अतिक्रमण होने व साफसफाई के अभाव में क्षेत्र के किसान बरसात के मौसम में खेती करने को मजबूर है।

विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रजपुरी कला, सिरकोतगा, पुहपुटरा,परसोडी कलां सहित आसपास अन्य पंचायत के किसान पिछले 20 सालों से बारिश के पानी से सिंचाई के लिए निर्भर है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के गांव के खेत तक सिंचाई के लिए नहर की सुविधा नहीं है। सालों पहले सिंचाई के लिए नहर को बनाया गया था परंतु देखरेख के अभाव में नहर जर्जर हो चुकी है। सिंचाई विभाग द्वारा बीच-बीच में थोड़ा बहुत मरम्मत का नाम पर खानापूर्ति की गई परंतु जमीनी हकीकत कुछ और है। कुछ साल पहले बीच-बीच में पानी पहुंचाया जाता था परन्तु नहर की मरम्मत नहीं होने के कारण किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचता है। ग्राम पंचायत पुहपुटरा से सहायक नहर गुजरी है जहां नहर पर ही बीच बस्ती के कुछ लोगों द्वारा झोपड़ी घर बना दिया है। गांव के बीच बस्ती होने के कारण नहर के पट जाने से पानी का प्रवाह करने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है जिसे आसानी से पानी निकल सके परन्तु मरम्मत के अभाव के कारण मिट्टी से पट गया है। विभाग द्वारा 2023 इस सहायक नहर को बीच-बीच में मरम्मत कराने के लिए शुरुआत की परन्तु बीच में मरम्मत करके छोड़ दिया गया है। नहर की मरम्मत नहीं होने से शासन का महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर शो पीस बनकर रह गई है। बांध का पानी ग्रामीणों की खेती तक आसानी से पहुंचे इसके लिए लाखों की लागत से नहर का निर्माण कराया गया है। ग्राम पंचायत रजपुरी, सिरकोतंगा,पुहपुटरा ,कटकोना, आखरी छोर परसोड़ी कला तक जाता है जहां के किसानों के कई एकड़ भूमि सिंचाई हो सके। बांध का पानी लगभग 10 वर्ष तक नहर के आखिरी छोर गांव परसोड़ी कला तक पहुंचता था परंतु विभाग द्वारा समय-समय पर नहर की मरम्मत नहीं करने की वजह से नहर की हालत दयनीय हो गई है। आलम यह है कि नहर की मरम्मत नहीं होने से धीरे-धीरे नहर लाइनिंग खराब होने लगी है। विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण अब नहर के लाइनिंग से कई जगह झाड़ियां हो गए हैं जिससे नहर पूरी तरह ढक गई है। ऐसे में नहर सिर्फ शो पीस बनकर रह गई है। सिंचाई के लिए सालों से जूझ रहे किसानों की समस्या का निराकरण नहीं होने से किसान खेती किसानी के लिए सिर्फ बारिश पर निर्भर हैं।



**नहर का नहीं मिल रहा लाभ**

विकासखंड लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुहपुटरा जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी व जनपद पंचायत लखनपुर से 6 किलोमीटर दूर है। ग्राम पंचायत सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा गांव है साथ ही यहां का किसान खेती करने के लिए किसान बारिश पर निर्भर है। घुनघुटा बांध का निर्माण 30 वर्ष पहले हुआ था। बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद नहर के पट जाने तथा जर्जर होने के कारण किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

#### किसान नहीं ले पा रहे दोहरी फसल

ग्राम पंचायत पुहपुटरा के किसानों को पिछले लगभग 20 साल से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने नहर सुधार करने की कई बार मांग की परंतु आज तक नहर की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में अधिकांश किसान खेती किसानी के लिए बारिश पर ही निर्भर है। बांध में पानी पर्याप्त है परंतु नहर के जर्जर होने के कारण क्षेत्र के किसान दोहरी फसल लेने से वंचित है। नहर की मरम्मत होती और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होती तो किसानों को दोहरी फसल उगाने से लाभ होता।

#### जारी किया जाएगा नोटिस

नहर पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नहर में जहां जहां मरम्मत व साफ सफाई की आवश्यकता होगी वहां मरम्मत व सफाई कराई जाएगी।

-अजय एक्का
सब इंजीनियर नहर विभाग

---

## किसान धनीराम 15 एकड़ में कर रहे खेती

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरिया जिले के ग्राम पंचायत जामपारा के किसान धनीराम अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

धनीराम लगभग 15 एकड़ कृषि भूमि में खेती कर रहे हैं। उन्होंने इस वर्ष धान फसल के लिए आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का संतुलित उपयोग करते हुए 15 बोरी यूरिया, 9 बोरी डीएपी, 1 बोरी पोटाश, 1 बोतल एक्को तथा 1 यूनिट नैनो डीएपी प्राप्त किया है। उनका कहना है कि कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे तकनीकी मार्गदर्शन से उन्हें उर्वरकों के संतुलित उपयोग और लागत कम करने में मदद मिल रही है। किसान धनीराम का मानना है कि खेती में केवल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने के बजाय वैकल्पिक पोषक तत्वों और नई तकनीकों का उपयोग करना आवश्यक है। इससे फसल की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य किसानों को उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग, प्राकृतिक खेती और मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।



- रासायनिक उर्वरकों के साथ वैकल्पिक पोषक तत्वों का करेंगे उपयोग

## टहलने के लिए निकले शिक्षक को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

**अंबिकापुर।** शाम को कालोनी के बाहर टहलने के लिए निकले शिक्षक को तेज रफ्तार बैक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि बिलासपुर के तखतपुर ठाकुरकांपा निवासी 58 वर्षीय प्रदीप कश्यप उदयपुर केशगवां मिडिल स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। प्रदीप कश्यप बुधवार की देर शाम अपने शासकीय क्वाटर से बाहर टहलने के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने शिक्षक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिक्षक प्रदीप कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा दोनों को सीएचसी उदयपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल बाइक चालक उदयपुर पतरापारा निवासी भुनेश्वर राजवाड़े को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

#### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि दरिमा कुम्हरता निवासी 22 वर्षीय दीपेन्द्र सिंह घूमने के लिए रिश्तेदार के घर लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा आया हुआ था। इस दौरान देर रात लगभग 11-12 बजे वह घूमने के लिए निकला था। इसी बीच अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद उदयपुर पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और शून्य पर मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## ग्राम दरवनकरा में सामाजिक सदभावना बैठक



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर और उपखण्ड जरही की सामाजिक सदभावना बैठक ग्राम पंचायत दवनकरा में सम्पन्न हुआ। बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों से अलग अलग 22 जाति समाज के समाज प्रमुख, वरिष्ठ गणमान्य उपस्थित होकर समाज में चल रही कुरीतियों को कैसे दूर करें , समाज को कैसे संगठित करें साथ ही आज समाज को तोड़ने वाले लोगों से कैसे जागरूक रहें आदि विषयों पर सभी ने अपना अपना वक्तव्य रखा। सामाजिक सदभाव बैठक में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य सभी धर्म के लोगों को एक साथ एक मंच पर एकजुट होकर सनातन धर्म को संगठित करना विभिन्न जातियों ,समुदाय, और समूहों के बीच आपसी विश्वास संवाद ,सहयोग को बढ़ावा देने साथ ही देश हित और राष्ट्र हित का काम करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिद्धि विनायक पांडे ने कहा कि सनातन धर्म ही सत्य और विभिन्न जातियों में बंटे जरुर है लेकिन हम सभी सनातनी हैं और एक परिवार के हिस्सा है। बैठक की अध्यक्षता दवनकरा गांव के बैगा पूरन राम ने किया। कार्यक्रम में 22 जाति समाज के प्रमुख लोग और 45 गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने ग्राम गाजर के ग्रामीणों से की चर्चा



रामचंद्रपुर। जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से प्रभावित ग्राम गाजर के ग्रामीणों से मुलाकात की तथा मामले में प्रक्रियात्मक खामियों के साथ एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। प्रतिनिधियों ने प्रभावित ग्रामीणों के दस्तावेजों का निरीक्षण किया तथा कहा कि कई परिवार वनभूमि पर तीन पीढ़ियों से निवासरत है तथा वन अधिकार पत्र के पात्र है। प्रतिनिधियों ने विभाग पर समुदाय विशेष के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया तथा कार्रवाई की निंदा की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिहर यादव, ब्लाक अध्यक्ष मोहन सिंह, नंदलाल सिंह, साधुचरण यादव, मोहम्मद बख्श, महेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

---

पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# दुर्लभ रेडियोएक्टिव मूर्ति बेचने के नाम पर ठेकेदार से तीन करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दुर्लभ रेडियो एक्टिव पैकिंग बेचने के नाम पर शहर के एक ठेकेदार से तीन करोड़ रूपए से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। गांधीनगर पुलिस ने इस मामले में यूपी और तेलंगाना के तीन आरोपियों को बिहार रेलवे पुलिस की मदद से पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने ठेकेदार को दुर्लभ रेडियोएक्टिव मूर्ति बेचने के नाम पर ठगी की थी।

बताया जा रहा है कि शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत गंगापुर खुर्द निवासी ठेकेदार 41 वर्षीय करमबेल कच्छप आ. लाल साय राम कच्छप ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 जुलाई 2023 से 30 सितम्बर 2024 के मध्य लोगों ने षड्यंत्रपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से फर्जी रिपोर्ट और रजिस्ट्रेशन दस्तावेज दिखाकर पुरानी दुर्लभ वास्तु रेडियो एक्टिव पैकिंग बेचने के नाम पर झांसा देकर ठगी की। आरोपियों ने ठेकेदार से 3 करोड़ 8 लाख 78 हजार रूपए की ठगी की। रेडियो एक्टिव तत्व के नाम पर ठगी की शिकायत को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश के बाद गांधीनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान साइबर सेल से तकनीकी जानकारी मिलने के बाद दो टीमों को पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश की ओर रवाना किया गया था। इस पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी ट्रेन से भाग रहे है जिसके बाद टीम ने रेलवे पुलिस की मदद से पटना रेलवे स्टेशन पर मुख्य आरोपी रत्नेश्वर घाट रोड गारुलिया थाना नौपाडा जिला हाल मुकाम कौशल्या मनिदीपम तेलंगाना निवासी 51 वर्षीय डाक्टर बल्ला रामा कृष्णा आ. बल्ला, यूपी वाराणसी मदुवाडीह जलाली पट्टी निवासी 38 वर्षीय संजय कुमार बिंद आ. बाबू लाल बिंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने मित्र बाबू लाल के साथ मिलकर ठगी करने की बात स्वीकार की।

#### खाते में लिए दो करोड़ रूपए

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ठेकेदार को यह बताकर संपर्क किया था कि उनके पास एक ऐसी दुर्लभ मूर्ति है जिसमें रेडिएशन है और यदि इसकी जांच करा ली जाए तो कोई भी कंपनी उसके अरबों में उसकी कीमत अदा करेगी। रेडियोएक्टिव मूर्ति मिलने की लालच में आकर ठेकेदार ने ठगों को एक करोड़ रूपए नगद और दो करोड़ रूपए ऑनलाइन खाता के माध्यम से प्रदान किया लेकिन रूपए लेने के बाद आरोपियों ने ठेकेदार को मूर्ति देने के नाम पर बहाने बाजी शुरू कर दी। बड़ी बात यह है कि ठेकेदार को जिस मूर्ति के बारे में आरोपियों ने बताया था फिलहाल उसकी जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

---



## कुदरगढ़ ग्राम पंचायत में लगाया गया सुशासन तिहार का अंतिम शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में अंतिम सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विकासखंड ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ अंतर्गत आयोजित इस शिविर में ओड़गी, कालामांजन, गिरजापुर, पालदनौली, इन्दरपुर, धुर, बभना, कुदरगढ़, भंवरखोह, आनंदपुर, करी, कुप्पी, धरसेड़ी, चपदा, रामपुर एवं बांक सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों के क्षेत्रवासी शामिल हुए।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि सुशासन तिहार राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं शासन-प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र के समग्र विकास में सहभागी बनने की बात कही। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

### छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सूरजपुर। महंगाई भत्ता सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को भोजन अवकाश के दौरान ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर के निर्णय एवं समस्त सहयोगी संघों की सहमति के अनुसार मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों के लिए की गई घोषणाओं को लागू कराने हेतु बुधवार को भोजन अवकाश के दौरान 6 बिंदुओं पर ध्यानाकर्षण मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष मनीष दीपक साहू, जिला सचिव महेश पैकरा, मयंका राजवाड़े, इकबाल अंसारी, आदित्य शर्मा, विन्देश गुप्ता, रवि पैकरा, एकांत जायसवाल, संदीप साहू आदि उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए हनुमान मंदिर में किया गया हवन पूजन

रामानुजगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार 4399 दिन तक देश की सेवा कर सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित करने पर मंगलवार को हनुमान मंदिर भक्ति रस में सराबोर हो गया। जिला संगठन प्रभारी के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। हनुमान मंदिर में बुधवार प्रातः को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर मोदी के दीर्घायु, निरोगी एवं यशस्वी जीवन के लिए महाआरती की। आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भानु प्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, गौतम सिंह, अजय यादव, मंगलम पाण्डेय, मंजू भट्ट, अर्पणा दीक्षित, विजय प्रताप सिंह, गुरुदेव सिंह, रजनी सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 50 हजार के आर्थिक सहायता की मंजूरी

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के ग्राम निगवानी निवासी नीरज कुमार नापित के उपचार के लिए मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### झगराखाण्ड का साप्ताहिक...

बताया कि स्वच्छ जल स्त्रोत न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि भू-जल स्तर के संरक्षण एवं जैव विविधता के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी उद्देश्य से आगामी दिनों में भी स्वच्छता एवं जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अपने आसपास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें।

### गांव-गांव पहुंचेंगे...

उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि मृदा की उर्वरता, जैव विविधता और जल संरक्षण को भी बढ़ावा देती है। साथ ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी यह खेती पद्धति अधिक प्रभावी सिद्ध हो रही है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को यूरिया एवं डीएपी के संतुलित उपयोग, एनपीके एवं एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग, जैव उर्वरकों, नैनो उर्वरकों, हरित खाद तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा खाद्य तेलों की खपत में 10 प्रतिशत तक कमी लाने के लिए भी व्यवहार परिवर्तन आधारित जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत विकासखंड सोनहत सहित विभिन्न क्षेत्रों के ग्राम रामगढ़, आनंदपुर, दशेर, सिघोर, अमृतपुर, सलगंवाकला, रजोली, पोड़ी, कुशला, बोकार, ओदारी, किशोरी, चंदड़ा, बंशीपुर, कैलाशपुर, बेलिया, घुघरा, पुसला, कटगोड़ी, महौरा, बसेर, सुंदरपुर एवं लटमा सहित अनेक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### 425 कार्यों की...

दो अतिरिक्त पानी टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने निर्देश दिए कि जिले में स्थापित सभी बोरवेल एवं नलकूपों के समीप वाटर रिचार्ज संरचनाएं विकसित की जाएं। उन्होंने स्कूलों की बाउंड्रीवाल के किनारे व्यापक पौधरोपण तथा सुरक्षा की दृष्टि से कांटेदार लेमन ट्री लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में दुर्गेश पाण्डेय स्टोन क्रेशर नागपुर, कमलेश गुप्ता स्टोन क्रेशर जनकपुर, सुरेश श्रीवास्तव स्टोन क्रेशर पिपरिया, रामलाल सिंह सरपंच ग्राम पंचायत उधनापुर, संत कुमार सरपंच ग्राम पंचायत मझौली, नरेन्द्र सिंह सरपंच ग्राम पंचायत रतनपुर, श्रीमती पार्वती सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बरदर, सुनीता सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कोड़ा, श्रीमती असमेद सोनवानी जनपद पंचायत सदस्य, रमा शंकर सिंह, प्रेमनारायण सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कटकोना, श्रीमती मालती सिंह सरपंच ग्राम पंचायत मुख्तियारपारा, श्रीमती सावित्री सिंह सरपंच ग्राम पंचायत शेरी, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, अनिल कुमार सिदार, एसडीएम लिंगराज सिदार, खनिज अधिकारी, उप संचालक पंचायत, छग राज्य वितरण कंपनी लिमिटेड मनेन्द्रगढ़ के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।